दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू
सत्र :- 2024-25
अभ्यास कार्य पत्र -2

कक्षा:- सातवी **विषय:- हिंदी**

पाठ्यक्रम:- पाठ :- हिमालय की बेटियाँ
पाठ :- संधि (स्वर संधि)

प्र०1:-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए :-

खेल मात्र खाली समय के सदुपयोग का साधन ही नहीं, अपितु जीवन की नियमित आवश्यकता बन चुके हैं। शहरी जीवन और काम की अधिकता के बीच इनकी उपयोगिता और भी बढ़ गई है। खेलों के द्वारा हमारे शरीर का व्यायाम होता है, जिससे रक्त संचार बढ़ जाता है तथा हड्डियाँ और मांसपेशियाँ मजबूत बनती हैं। शरीर दिनोंदिन स्वस्थ होता जाता है। स्वस्थ व्यक्ति ही धन कमाकर सुखी जीवन जी सकता है। जिस मनुष्य का स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहता, वह हमेशा मुरझाया-सा रहता है। उसके जीवन से खुशियाँ दूर होती जाती हैं। खेल मनुष्य में आत्मविश्वास जगाते हैं तथा उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। इनके माध्यम से परस्पर सद्भाव, सहनशीलता, सामूहिकता, ईमानदारी आदि मानवीय गुण विकसित होते हैं। इस तरह खेल मनुष्य को योग्य एवं समाजोपयोगी नागरिक भी बनाते हैं। खेलों को मुख्यतया दो वर्गों में बाँटा जा सकता है। पहले वर्ग में वे खेल आते हैं जो घर से बाहर मैदानों में खेले जाते हैं; जैसे- कबड्डी, हॉकी, क्रिकेट, वालीबॉल, फुटबॉल आदि। दूसरे वर्ग में घरों के अंदर खेले जाने वाले खेल आते हैं; जैसे-शतरंज, कैरमबोर्ड, लूडो, कंप्यूटर पर खेले जाने वाले खेल आदि। हमें अपनी रुचि के अनुसार खेलों में अवश्य भाग लेना चाहिए, जिससे हम स्वस्थ रह सकें। (1×5=5)

1) शहरी जीवन में खेल-कूद ज़रूरत बन गया हैं। क्योंकि-
क)शहरी जीवन में आनंद व तनाव अधिक होते हैं।
ख)शहरी जीवन आरामदेह जीवन है।
ग)शहरी जीवन में मानसिक कार्य व तनाव की अधिकता है।
घ)शहरी जीवन में खेल-कूद के साधन अधिक है।
2. समाजोपयोगी नागरिक के लिए क्या उपयोगी होते हैं ?
क) स्वस्थ जीवन
ख) मानवीय गुण
ग) मात्र खेल
घ) रक्त संचार
3. घर से बाहर और घर के अंदर खेले जाने वाले खेल में क्या अंतर है?
क) बाहर खेलने के लिए मैदान और अंदर खेलने के लिए घर चाहिए।
ख)बाहरी खेल से व्यायाम होता है अंदर के खेल से नहीं।
ग)बाहरी खेल से शारीरिक व्यायाम और अंदर के खेल से मानसिक व्यायाम अधिक होता है।
घ)बाहरी खेल के लिए ज्यादा लोग और अंदर के लिए कुछ ही लोग चाहिए।
4. 'मानवीय ' शब्द में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए।
5. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।
प्र०2:- निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए:- (2×1=2)
क) हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की हैं?
ख) काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?
प्र०3:-निर्देशानुसार उत्तर लिखिए:- (3×1=3)
क) संधि किसे कहते है?
ख) कवि+इंद्र,पर+उपकार (संधि कीजिए)
ग) महौषध,गायक (संधि -विच्छेद कीजिए)